घरेलू कामगारों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा

घरेलू कामगारों के लिए एक अच्छी खबर है। श्रम मंत्रालय ने गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों के लिए शुरू की गई राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना को घरेलू कामगारों के लिए भी लागू करने का प्रस्ताव कैबिनट के सामने पेश किया है। इसके मायने हैं कि सरकार घरों में काम करने वाली श्रमिकाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के लिए पंजीकृत करे। इस प्रस्ताव से भारत के सबसे बड़े अंसगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए स्वास्थ्य बीमा सुविधाएं मुहैय्या कराई जाएंगी। घरेलू कामगारों के लिए बनाई समिति ने यह प्रस्ताव केन्द्रीय सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की प्रतिक्रिया के लिए भेज दिया है। इस प्रस्ताव में यह भी मांग की गई है कि निजी नियोजन एजेंसियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य बनाया जाए जिससे घरेलू कामगारों के शोषण और अवैध खरीद-फरोख्त के मामलों को नियंत्रित किया जा सके। उम्मीद है कि सभी पक्षों से इस अगुवाई को समर्थन मिलेगा जिससे घरेलू कामगारों को कुछ सामाजिक सुरक्षा मिल सके।

स्रोतः टाइम्स ऑफ़ इण्डिया, जुलाई 2010